Title : Need to reopen the Pradhan Mantri Bharatiya Jan Aushadhi Kendras in Chhattisgarh-Laid.

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का कोटि कोटि वंदन करता हूँ कि उन्होंने पूरे भारत वर्ष में आम जनता के स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए लगभग देश के सभी जिलों में भारतीय जन औषधि केन्द्रों की स्थापना की है। जनऔषधि केन्द्रों में लगभग 1700 से अधिक दवाएं एवं 280 सर्जिकल संसाधन उपलब्ध हैं। औषधि केन्द्रों में ब्रांडेड दवाओं के औसत मूल्य से लगभग 80-90 प्रतिशत सस्ती दवाइयाँ उपलब्ध रहती हैं। इस योजना के माध्यम से पिछले 8 वर्षों के दौरान हमारे देश के नागरिकों की अनुमानित 20 हज़ार करोड़ रूपये की बचत हुई है। मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि छत्तीसगढ़ में बहुत से शासकीय जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र बंद पड़े हैं। राज्य सरकार द्वारा इन बंद केन्द्रों को पुनः चालू किए जाने हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा है, जिससे सस्ती दवाइयों का लाभ राज्य के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। अतः माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का लाभ छत्तीसगढ़ में मिल सके, इस हेतु छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य अमले को आवश्यक दिशा निर्देश आपके द्वारा किया जाये।